










# जनगणना कार्य महत्वपूर्ण, राष्ट्रीय गौरव का विषय :डीएम

## जनगणना कार्य की उत्साहपूर्वक शुरूआत, प्रगणकों को आईडी एवं किट का वितरण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर 01 मई.** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री शीला दाहिमा ने कहा कि जनगणना का कार्य अतिमहत्वपूर्ण है, यह राष्ट्रीय गौरव का विषय है, जनगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी, कर्मचारी गंभीरता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए देश हित में अपना योगदान प्रदान करें। वे आज नगरपालिका भवन श्योपुर में आयोजित जनगणना-2027 की शुरूआत के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर उन्होंने शहरी क्षेत्र में नियुक्त किये गये प्रगणकों एवं पर्यवेक्षको को आईडी तथा जनगणना किट प्रदान किये तथा प्रगणकों का माल्यार्पण कर स्वागत भी किया। इसके साथ ही जिलेभर में आज 01 मई से जनगणना कार्य की उत्साहपूर्वक शुरूआत हुई, सभी चार्ज अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में जनगणना किट और आईडी प्रगणकों को भेंटकर कार्य की शुरूआत की गई।

नगरपालिका भवन में आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती सौम्या आनंद, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, चार्ज अधिकारी एवं सीएमओ राधेरमण यादव, प्रभारी जिला योजना अधिकारी गिर्राज शर्मा, आरके निगम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री शीला दाहिमा ने कहा कि जनगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी राष्ट्रीय गौरव के सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में 1379 एचएलबी अर्थात हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाये है, जिन्हें प्रगणकों को आवंटित किया गया है। सभी अधिकारी, कर्मचारी जनगणना टीम का हिस्सा है और वे टीम लीडर है, ऐसे में किसी भी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता होगी तो जिला प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि आज से मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य शुरू हो गया है, सभी नागरिक जानकारी प्रदान कर सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जनगणना अधिनियम 1948 के तहत एकत्र की गई सभी व्यक्तिगत जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रहेंगी और किसी भी न्यायालय, जांच या अन्य प्रयोजन के लिए साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं की जा सकेंगी। उन्होंने सभी को कार्य की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दी।

सीईओ जिला पंचायत एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती सौम्या आनंद ने कहा कि यह भारत की पहली जनगणना है, जो डिजिटल माध्यम से कराई जा रही है। जनगणना से जन कल्याण तथा हमारी जनगणना हमारा विकास के संकल्प के साथ जनगणना की शुरूआत आज से हो रही है, जनगणना बहुत महत्वपूर्ण है, इससे राष्ट्रीय स्तर पर जनकल्याण की योजनाओं को बनाने में मार्गदर्शन भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि सभी प्रगणक, सुपरवाईजर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभायें। नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना ने सभी नागरिकों से अपील की कि जनगणना के इस महापर्व में सभी सहयोग प्रदान करें और प्रगणकों को सही-सही जानकारी उपलब्ध करायें। इस अवसर पर उन्होंने जनगणना से जुडे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन सुशील दुबे द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन सीएमओ श्री राधेरमण यादव द्वारा व्यक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि श्योपुर नगरपालिका क्षेत्र में 140 एचएलबी बनाये गये है, जिनमें 140 प्रगणक तथा 25 सुपरवाईजर नियुक्त किये गये है।

### जनगणना किट में ओआरएस पैकेट भी शामिल

जनगणना कार्य के लिए नियुक्त प्रगणकों एवं सुपरवाईजर्स को जनगणना किट में मेडिकल किट भी उपलब्ध कराई गई है, गर्मियों के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए मेडिकल किट में ओआरएस के पैकेट तथा अन्य दवाईयां प्रदान की गई है।

# नगरपालिका में लगाये पक्षियों के लिए सकोरे पात्र

कलेक्टर ने शीतल प्याऊ की शुरूआत भी की

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर 01 मई.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा की पहल पर जिलेभर में ग्रीष्मकाल ऋतु के दौरान पक्षियों के लिए दाना-पानी अभियान जारी है। इसी क्रम में आज उन्होंने नगरपालिका परिसर श्योपुर में लगे पेड़ो पर पक्षियों के लिए पानी की सुविधा हेतु मिट्टी के संकोरे टाके तथा सकोरा पात्रो में पानी और दाना रखा गया। सीईओ जिला पंचायत एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती सौम्या आनंद, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, सीएमओ राधेरमण यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने गांधी पार्क पर शीतल प्याऊ की शुरूआत भी की।

नगरपालिका भवन परिसर में स्थित पेडो पर कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा पक्षियों के लिए सकोरे पत्र टाके गये तथा उनमें पानी भरा गया। गर्मी के इन दिनों में सूरज की तपिश दिनों दिन बढ़ती जा रही है आसमान पर उड़ान भरने वाले पक्षी तथा पेड की छॉव में बैठने वाले पक्षी अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में रहते है। ऐसे में उनको पीने के लिए पानी आसानी से उपलब्ध हो सकें, इसके लिए नगरपालिका परिसर में लगे पेडो पर पानी के सकोरे लगाये गये है। इसके साथ ही पक्षियों के दाने की व्यवस्था के लिए भी सकोरे लगाने का कार्य किया गया है। उन्होने निर्देश दिये कि नगरपालिका परिसर में लगाये गये सकोरे पात्रो में नियमित रूप से पानी और दाना रखा जायें।






कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने सभी नागरिको से अपील की है कि अपने घर की बालकनी, आंगन या छत में पक्षियों के लिए पानी रख सकते हैं।

शीतल प्याऊ की शुरूआत भी की

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा इस अवसर पर नगरपालिका द्वारा नगरपालिका भवन के समीप गांधी पार्क पर आम लोगों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था के क्रम में प्याऊ की शुरूआत भी की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर श्रमिकों को किया जागरूक




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर 01 मई.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व ग्रामीण स्वाबलंबन समितिध्जन साहस के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर जैदा मंडी रोड़ श्योपुर पर ब्रिक्स इंडस्ट्रीज श्योपुर में नालसा व सालसा की योजनाओं व शासन द्वारा प्रदत्त योजनाओं की जानकारी देने हेतु विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर के दौरान योगेश बंसल जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर द्वारा उपस्थित श्रमिकों को अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस की शुभकामनाएं देते हुये श्रमिकों को बताया गया कि किसी भी उद्योग में श्रमिकों की अहम भूमिका होती है। श्रमिकों के बिना कोई भी औद्योगिक ढांचा खड़ा नहीं रह सकता है। इस अवसर पर उपस्थित श्रमिकों को नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवा) योजना, 2015 की प्रावधानों से अवगत कराया एवं बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर में आसानी से सम्पर्क कर सकते हैं एवं लीगल हेल्पलाईन नम्बर 15100 के बारे में बताया गया। शासन द्वारा मजदूरों के लिए चलाई जा रही हितग्राही मूलक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उक्त शिविर में ग्रामीण स्वावलंबन समिति के जिला समन्वयक रामलखन प्रजापति द्वारा बताया कि यह दिवस हमें यह याद दिलाने का अवसर देता है कि मेहनतकश लोग हमारे समाज का आधार हैं। उनकी मेहनत के बिना कोई भी देश या समाज आगे नहीं बढ़ सकता। जब तक हम सभी मेहनतकश मजदूर एक साथ मिलकर अपने अधिकारों के प्रति नही लड़ेंगे तब तक शोषण होता रहेगा साथ ही संस्था द्वारा चलाई जा रही 24x7 निशुल्क मजदूर हेल्पलाईन नम्बर 180012011211के बारे में जानकारी दी।

# कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को कारण बताओ नोटिस

**श्योपुर 01 मई.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों के सतत् रूप से निरीक्षण किये जाने संबंधी निर्देशो के क्रम में प्रभारी सीडीपीओ कराहल श्रीमती सुषमा सोनी द्वारा आंगनबाडी केन्द्र सेमल्दा, शाहपुरा मिनी एवं सलापुरा-सी आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आंगनबाडी केन्द्र सेमल्दा-सी की कार्यकर्ता श्रीमती लक्ष्मी सिकरवार के अनुपस्थित पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार सलापुरा सेक्टर की मासिक बैठक के दौरान अनुपस्थित गिरधरपुर मिनी की आंगनबाडी कार्यकर्ता श्रीमती पप्पी आदिवासी, हीरापुरा-बी की कार्यकर्ता श्रीमती लक्ष्मी गौड, बगवाज मिनी की सहायिका श्रीमती भारती मरेठा के अनुपस्थित रहने पर नोटिस दिया गया है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत हुए आयोजन



## श्योपुर में 17, जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**श्योपुर 01मई.** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के निर्देशन में आज श्योपुर तथा विजयपुर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामुहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन संपन्न हुआ। श्योपुर में आयोजित हुए सम्मेलन में 17 तथा विजयपुर में आयोजित हुए सम्मेलन में 73 जोडे परिणय सूत्र में बंधे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा इस अवसर पर वर-वधुओं को आर्शीवाद प्रदान किया गया। जनपद पंचायत श्योपुर के तत्वाधान में श्योपुर स्थित हैवी मशीनरी टीनशैड में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती रीना आशीष मीणा, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदया, भाजपा जिला महामंत्री संजय अकोदिया, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, श्रीमती मिथलेश तोमर, सीईओ जनपद एसएस भटनागर, उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती शशिकिरण इक्का आदि उपस्थित थे।



## विजयपुर में 70 जोड़े बंधे वैवाहिक बंधन में

**विजयपुर** जनपद पंचायत के तत्वावधान में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत आईटीआई कॉलेज परिसर विजयपुर में भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जहां 70 वर-वधुओं ने पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लेकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। समारोह उत्साह, उमंग और मंगलमय वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। यह आयोजन सामाजिक समरसता और जनकल्याण का उत्कृष्ट उदाहरण बना, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह कराया गया। विवाह समारोह में नवदंपतियों के चेहरे पर नई जिंदगी की खुशियां साफ झलक रही थीं समारोह में पूर्व मंत्री बाबूलाल मेवरा, भाजपा जिला महामंत्री अरविंद सिंह जादौन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष परीक्षत धाकड़, जनपद अध्यक्ष बदन सिंह रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम मुद्गल, भाजपा नेता अनिरुद्ध सिंह रावत, नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश कुशवाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष उदय सिंह कुशवाह, जनपद सीईओ राकेश शर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज शर्मा सहित जनपद पंचायत का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# वॉश ऑन व्हील के माध्यम से सफाई कार्य के लिए बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर 01 मई.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के निर्देशों के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमति सौम्या आनंद के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान वर्ष 2026 अंतर्गत नवीन सत्र में स्कूल खुलने से पूर्व सभी स्कूलों में जल भंडारण टंकियों की साफ-सफाई करना सम्मिलित है, इसी प्रकार पंचायतों में शुद्व पेयजल की नियमित रूप से उपलब्धता हेतु जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित ओवरहेड टंकियों की नियमित साफ-सफाई एवं संस्थानों, घरों के नलों में होने वाली छोटी-मोटी टूट-फूट जैसे नल टोटी/वाल्व सुधार का कार्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत संलग्न स्वच्छता साथियोंध्पम्प ऑपरेटर के माध्यम से किया जाना शामिल है।

उक्त कार्य के लिये स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में संलग्न स्वच्छता साथियों द्वारा उपयोग कि जा रही ''वॉश ऑन व्हील'' मोबाइल ऐप में ही एनआईसी भोपाल द्वारा जल गंगा संवर्धन में टंकियों की साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इस कार्य के लिये पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निदेर्शों के अनुरूप जिले में 19 कलस्टर तैयार कर जिलें में जल मित्रध्पम्प ऑपरेटर/स्वच्छाग्राही से टंकियों की साफ-सफाई की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। शासन निर्देशानुसार एवं श्रीमति सौम्या आनंद के मार्गदर्शन में पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, पीएचई विभाग के जिला अधिकारियों की बैठक आज जिला पंचायत सभाकक्ष में आज में सम्पन्न हुई जिसमें ''वॉश ऑन व्हील'' मोबाइल के माध्यम से कैसे समय सीमा में स्कूलों की टंकियों की साफ-सफाई का कार्य अतिशीघ्र करवाया जायें इसके लिए कार्ययोजना तैयार की गई।

उक्त बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई एल.पी. सिंह, जिला समन्वयक गौरीशंकर डोंगरे एसबीएम, जिला समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र भूपेन्द्र कुमार शर्मा, जिला शिक्षा कार्यालय से नरोत्तम मीणा, ब्लॉक समन्वयक श्रीमति देवेश्वरी शर्मा, दीपक गंगवाल आदि उपस्थित हुये है। इसी क्रम में दिनांक 05 मई 2026 को निषादराज भवन जिला पंचायत के पास में चयनित जल मित्र, पम्प ऑपरेटर, स्वच्छाग्राही पीएचई विभाग के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाकर टूलकिट प्रदान की जावेगी जिससे कि समय-सीमा में जल भंडारण टंकियों की साफ-सफाई का कार्य किया जा सकें।



# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्य जारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर 01 मई.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं की मरम्मत एवं निर्माण कार्य जारी है। परियोजना अधिकारी मनरेगा विक्रम जाट ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम पंचायत गुरनावदा में स्थित प्राचीन बावडी की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। जिससे प्राचीन समय के इस महत्वपूर्ण जल स्त्रोत का संरक्षण होगा तथा बावडी को आकर्षक बनाने के लिए रंग-रोगन किया जायेगा।

# श्योपुर में क्लब फुट क्लीनिक प्रत्येक गुरूवार को



## बच्चों को प्लास्टर लगाकर पॉन्सिटी विधि से किया जाता है उपचार

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर 01 मई.** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम को ओर अधिक उपयोगी तथा आमजन के लिए लाभप्रद बनाने के उद्देश्य से दिये गये निर्देशो के क्रम में जिला चिकित्सालय श्योपुर में प्रत्येक गुरूवार को क्लबफुट क्लीनिक के माध्यम से बच्चों का उपचार किया जा रहा है। जिसके माध्यम से जन्मजात विकृति क्लबफुट की बीमारी जिसमें बच्चों के पैर टेडे मेडे होते है, उन्हें सीधा करने के लिए प्लास्टर लगाकर पॉन्सिटी विधि से उपचार किया जाता है। श्योपुर जिला चिकित्सालय में मेडिकल कॉलेज में पदस्थ हड्डी रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ ऋषि कौशल द्वारा प्रत्येक गुरूवार को इस प्रकार के बच्चों को उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। डॉ ऋषि कौशल ने बताया कि 800 से 1000 बच्चों में से कोई एक बच्चा क्लबफुट के साथ जन्म लेता है और पॉन्सिटी विधि से हम बच्चे को ठीक करने के लिए उपचार कर रहे है। इसके अंतर्गत पहले 4 से 8 सप्ताह तक हर सप्ताह बच्चे को कास्टिंग (प्लास्टर) लगते हैं, दूसरा चरण में बच्चे की टीनोटॉमी होती है, तीसरे चरण में बच्चे को लगातार ब्रेकिंग पहनाते हैं। इस प्रकार तीन चरणों में बच्चों के क्लबफुट का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि क्लबफुट क्लीनिक में हर सप्ताह 4-5 व्यक्तियों को उपचार की सुविधा प्रदाय की जा रही है।

**आयोजन** संगठनात्मक मजबूत करने पर दिया विशेष जोर

# दलितों के मुद्दों पर कांग्रेस की रणनीतिक

**भोपाल, 01 मई. मध्य प्रदेश कांग्रेस ने अनुसूचित जाति विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसके साथ जिला अध्यक्षों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भी रखा गया. बैठक में दलित समुदाय के बीच संगठन की पहुंच मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया.**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक प्राथमिकताओं और आगामी राजनीतिक रणनीति की रूपरेखा प्रस्तुत की. इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, एआईसीसी एससी विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम, सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल तथा वरिष्ठ नेता सज्जन वर्मा सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे. बैठक में प्रदेशभर में दलितों के साथ हो रही घटनाओं और अन्याय के मामलों पर गंभीर चर्चा हुई. नेताओं ने इन मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया. साथ ही आगामी राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा भी की गई.

## पंजीयन में देरी : कांग्रेस का आंदोलन का ऐलान

भोपाल. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरुवार को बालाघाट की नर्सिंग छात्राओं के पंजीयन में हो रही देरी को लेकर गंभीर चिंता जताई और मध्य प्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की. मामले की संवेदनशीलता पर जोर देते हुए पटवारी ने काउंसिल के चेयरमैन से शीघ्र संज्ञान लेने का आग्रह किया और कहा कि यह मुद्दा सीधे तौर पर छात्राओं के भविष्य से जुड़ा है. उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि आगामी आठ दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी काउंसिल कार्यालय का घेराव करते हुए बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी. पटवारी ने कहा कि छात्राओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि जिन छात्राओं ने अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है, उनका समय पर पंजीयन होना उनका अधिकार है और सरकार व प्रशासन की जिम्मेदारी है कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने यह भी मांग की कि जिन अधिकारियों और संबंधित कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है. उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो. पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से युवाओं, छात्रों और महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी छात्राओं को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी.

# बैंक के डिप्टी मैनेजर की मौत

**विजयपुर।** अग्रवाल धर्म शाला मैं पंजाब नैशनल बैन्क में डिप्टी मैनेजर इन्दर सिंह पुत्र मंगल सिंह गौड़ निबासी ग्वालियर कल रात्रि को 8 बजे के करीब अग्रबाल धर्म शाला में आया था और हमेशा की तरह कमरा लेकर रूका हुआ था, रात्री में अचानक हार्ड अटैक से मौत हो गई थी ,सुबह धर्म शाला के मैनेजर ने देखा तब इसकी सूचना धर्म शाला के अध्यक्ष मनोज खजान्ची को फोन पर अबगत कराया तब अध्यक्ष ने पुलिस थाने को फोन किया तब पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनौ को सूचना दी तब परिजन विजयपुर आये जहां से पुलिस ने पीएम कराने के बाद शब परिजनौ को सौंपा बताया गया है कि उक्त ब्यक्ती शराब का आदी था ब अश्बस्थ भी रहता था , मृतक इंन्दर सिंह की पत्नी पोरसा जिला मुरैना में शिक्षिका के पद पर पदस्थ हैं तथा इनके दो बयस्क लड़के बाहर प्रोबेट फैक्ट्री में सर्बिस करते हैं ब एक लड़की थी इंन्दर सिंह की उम्र 55 वर्ष थी।




# सांदीपनि विद्यालय में समर कैम्प जारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर 01 मई.** सांदीपनि विद्यालय में गत 1 मई से समरकैम्प का आयोजन जारी है, प्राचार्य अशोक खंडेलवाल ने बताया कि समरकैम्प में बच्चों को योग तथा विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार खंडेलवाल ने समर कैंप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि कैंप के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नई प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलता है।